कार्यालय –सचिव औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश,मोहान रोड लखनऊ।

पत्रांक– 736-38 /प्रवेश /2019–20

दिनांक 26 जुलाई 2019

समस्त प्रधानाचार्य
समाज कल्याण विभाग उ0 प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त
औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें उ0प्र0।

विषयः–शैक्षिक सत्र 2019–20 के अर्न्तगत प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों हेतु प्रवेश की संशोधित तिथि एवं संशोधित प्रारूप का निर्धारण।

उपर्युक्त विषयक परिषद के पत्र सं0–732–34/प्रवेश/2019–20 दिनांक–19.07.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करें जो शैक्षिक सत्र 2019–20 (01 जुलाई 2019 से 31 अगस्त) के अर्न्तगत संस्था में प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों हेतु प्रवेश आवेदन पत्रों की साफ्ट कापी परिषद की मेल–आई डी **itecuplko@gmail.com** पर निर्धारित प्रोफार्म पर दिनांक–10.09.2019 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में है।

प्रश्नगत संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त प्रवेश की अन्तिम तिथि **31 अगस्त 2019** के स्थान पर **30 सितम्बर 2019** एवं आवेदन पत्रों की सॉफ्टकापी परिषद की मेल आई डी **itecuplko@gmail.com** पर दिनांक–07.10.2019 तक प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

जिन संस्थाओं द्वारा दिनांक–07.10.2019 तक सूचना परिषद कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी जायेगी उनके सम्बन्ध में यह समझा जायेगा कि वर्तमान सत्र में उनकी संस्था में कोई भी प्रवेश नहीं हुआ है, तदनुसार शैक्षिक सत्र शून्य भी किया जा सकता है।

संलग्नक– प्रवेश आवेदन पत्र का संशोधित प्रारूप

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपि–निम्न की सेवा मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1 निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ ।
2 उपनिदेशक (योजनाधिकारी) निदेशालय स0क0उ0प्र0।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव